बिहार लोक सेवा आयोग

15, जवाहरलाल नेहरू मार्ग (बेली रोड), पटना– 800001

आवश्यक सूचना

विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, बिहार के अन्तर्गत राजकीय पोलिटेकनिक/राजकीय महिला पोलिटेकनिक संस्थानों में व्याख्याता के पदों पर नियुक्ति हेतु आयोग द्वारा प्रकाशित **वि.सं.– 33/2014, इलेक्ट्रोनिक्स अभियंत्रण/टेक्नोलॉजी** के अर्हित एवं औपबंधिक रूप से अर्हित उम्मीदवारो की लिखित वस्तुनिष्ठ परीक्षा **दिनांक 24.04.2016 (दिन– रविवार)** को एक पाली में **(समयः– 12.00 बजे मध्याह्न से 02.00 बजे अपराह्न तक)** निम्नलिखित परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जायेगीः–

क्रम सं.	परीक्षा केन्द्रों का नाम	सम्बद्ध अनुक्रमांक
1	ए.एन. कॉलेज, बोरिंग रोड, पटना– 13	330001 से 331984
2	देवीपद चौधरी शहीद स्मारक (मिलर) उच्च माध्यमिक विद्यालय, वीरचन्द पटेल पथ, पटना– 1	331985 से 332531
3	दयानन्द विद्यालय (+2), मीठापुर, पटना– 1	332532 से 333418
4	दयानन्द कन्या विद्यालय, मीठापुर, पटना– 1	333419 से 334098
5	राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, गर्दनीबाग, पटना– 2	334100 से 334714
6	राम लखन सिंह यादव उच्च माध्यमिक विद्यालय, पुनाईचक, पटना– 23	334715 से 335317
7	जे.डी. वीमेन्स कॉलेज, पटना	335318 से 336946

2. उपर्युक्त वि.सं.– 33/2014 से सम्बन्धित उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि इस विज्ञापन के तहत लिखित परीक्षा के लिए प्रारंभिक रूप से अर्हित (Eligible), औपबंधिक रूप से अर्हित (Provisionally Eligible) एवं अनर्हित (Ineligible) उम्मीदवारों की सूची (विलम्ब से प्राप्त आवेदनों की सूची सहित) आयोग के वेबसाईट http://bpsc.bih.nic.in पर शीघ्र प्रकाशित की जाएगी। अर्हित/औपबंधिक रूप से अर्हित उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु प्रवेश पत्र भी शीघ्र उक्त वेबसाईट पर प्रकाशित किए जाएँगें। **अनर्हित उम्मीदवारों को अलग से अस्वीकृति पत्र नहीं भेजे जाएँगे।** उक्त सूची में अंकित अनर्हित उम्मीदवारों को अगर कोई आपत्ति हो, तो अपनी उम्मीदवारी के सम्बन्ध में अभ्यावेदन विज्ञापन में निर्धारित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि दिनांक 23.09.2014 तक निर्गत शैक्षणिक प्रमाण पत्रों के साथ अधोहस्ताक्षरी के पदनाम से सिर्फ निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से **दिनांक 05.04.2016** तक दे सकते हैं। उम्मीदवार अपना आपत्ति आवेदन साक्ष्य के साथ आयोग के e-mail id – bpscpat-bih@nic.in पर भी निर्धारित अवधि तक भेज सकते हैं। **दिनांक 05.04.2016 के बाद प्राप्त होने वाले अभ्यावेदनों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।**
3. सभी उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि इस परीक्षा में शामिल होने मात्र से आपकी अर्हता सम्पुष्ट नहीं होती है। परीक्षाफल प्रकाशन के किसी भी स्तर पर आपकी अर्हता की समीक्षा करने के उपरान्त उसपर यथोचित निर्णय लेने का अधिकार आयोग के पास सुरक्षित होगा।
4. उपर्युक्त परीक्षा के लिए अर्हित/औपबंधिक रूप से अर्हित उम्मीदवारों के प्रवेश पत्र आयोग के वेबसाईट पर परीक्षा की निर्धारित तिथि के एक सप्ताह पूर्व से उपलब्ध रहेंगे जिन्हें डाउनलोड कर उम्मीदवार परीक्षा में भाग ले सकते हैं। **उम्मीदवारों को डाक से (By Post) प्रवेश पत्र नहीं भेजे जाएंगे।**
5. सभी अर्हित/औपबंधिक रूप से अर्हित उम्मीदवार परीक्षा की तिथि को परीक्षा केन्द्र पर प्रवेश पत्र के अतिरिक्त कोई एक फोटोयुक्त पहचान पत्र, यथा मतदाता पहचान पत्र, ड्राईविंग लाइसेंस, पैन कार्ड आदि मूल में एवं इसकी एक छायाप्रति अपने साथ अनिवार्य रूप से लाना सुनिश्चित करेंगे।
6. उक्त सूचना आयोग के वेबसाईट http://bpsc.bih.nic.in पर भी उपलब्ध है।

21/3/2016

संयुक्त सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना